Subject Code : Ba/Bc/Hin (MIL)–401

Booklet No. A 430

Ba/Bc/Hin (MIL)–401

2022

(4th Semester)

HINDI

(Modern Indian Language)

Paper : HIN (MIL)–401

Full Marks : 70 *Pass Marks* : 45%

Time : 3 hours

(PART : B—DESCRIPTIVE)

(*Marks* : 45)

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) हमारे राज्य के विश्वविद्यालयों का नियम है कि जबतक पुराना साहित्यकार राजनीति में नहीं धँसता, उसे साहित्य में डॉक्टरेट की सम्मानित उपाधि नहीं मिलती। मैं चुनाव जीतता और अगले ही कन्वोकेशन में मुझे सम्मानित कर दिया जाता। हुई न कुछ बात! उपकुलपति कहते कि आपको सम्मानित कर विश्वविद्यालय ने आपका नहीं, स्वयं विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। न्याय की यह बात विधान सभा की कुर्सी तोड़ने की पात्रता अर्जित किए बिना पाना कठिन है।

अथवा

एक भयानक और तिलमिला देने वाला सत्य सामने था। आज अम्मा को बाबा की उतनी नहीं, जितनी मरे हुए बेटे शमीम की याद आई होगी। औरत का मरद के बाद बेटा ही वह खूँटा होता है जिससे वह बँधी रहती है।

(ख) पहले वीरता का दंभ और अंत में करुणा की भीख! कायरों का यही नियम है। परन्तु दुर्योधन कान खोलकर सुन लो, हम तुम्हें दया करके छोड़ेंगे भी नहीं, और तुम्हारी भाँति अधर्म से हत्या कर बधिक भी न कहलाएँगे। हम तुम्हें कवच और शस्त्र देंगे। तुम जिस अस्त्र से लड़ना चाहो, बता दो। हममें से केवल एक व्यक्ति ही तुमसे लड़ेगा। और यदि तुम जीत गए तो सारा राज्य तुम्हारा! कहो, यह तो अधर्म नहीं है? स्वीकार है।

अथवा

लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

2. 'कलाकार' कहानी के आधार पर बहुरूपिए का चरित्र-चित्रण कीजिए। 9

अथवा

'औरंगज़ेब की आखिरी रात' एकांकी की विषय-वस्तु क्या है? लिखिए।

3. 'अवशेष' निबंध की समीक्षा कीजिए। 9

अथवा

'भिक्षुक' कविता में कवि निराला के भिक्षुक के प्रति उठने वाले भावों पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर सुंदर निबंध लिखिए : 9

(क) समाज में नारी का स्थान

(ख) हमारे दैनिक जीवन में खेलों का महत्त्व

(ग) आतंकवाद

अथवा

आप अपने क्षेत्र की गंदगी के विरोध में किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

अथवा

आप अपने शहर में किसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी की एजेंसी के लिए कंपनी को एक पत्र लिखिए।

★ ★ ★

2022

(4th Semester)

HINDI

(Modern Indian Language)

Paper : HIN (MIL)–401

(PART : A—OBJECTIVE)

(*Marks* : 25)

The figures in the margin indicate full marks for the questions

SECTION—I

(*Marks* : 5)

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

1. ''नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन''—यह पंक्ति किस कविता की है?

(क) तोड़ती पत्थर ( )

(ख) टूटा पहिया ( )

(ग) भिक्षुक ( )

2. ''इनाम तो मैं तुझे दूँगा। सचमुच तूने अपने काम में कमाल कर दिया।'' यह किसका कथन है?

(क) सेठानी का ( )

(ख) सेठ का ( )

(ग) बहुरूपिए का ( )

3. ''हकीम साहब! अब आप तशरीफ़ ले जाइए। हमें अपने बेटों की याद आ रही है।'' यह कथन किसका है?

(क) ज़ीनत ( )

(ख) हकीम ( )

(ग) आलम ( )

4. मुगलों ने उमड़ते हुए यौवन में, प्रेम के प्रवाह में एक _____ देखी।

(क) चमक ( )

(ख) धातु ( )

(ग) द्रव्य ( )

5. 'न खड़े होने का दर्द' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

(क) डॉ० राम कुमार वर्मा ( )

(ख) शरद जोशी ( )

(ग) नगेन्द्र ( )

SECTION—II

(*Marks* : 15)

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 3×5=15

1. साहित्यकार मंत्री को क्या-क्या विशेष लाभ प्राप्त होते हैं?

2. अम्मा को त्यौहारों से चिढ़ क्यों थी?

3. 'महाभारत की एक साँझ' के युधिष्ठिर के संबंध में लिखिए।

4. जनता के प्रति निबंधकार शरद जोशी का विचार क्या है?

5. 'तोड़ती पत्थर' कविता में कवि के विचार क्या हैं? लिखिए।

SECTION—III

(*Marks* : 5)

2×3=5

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. 'वीर रस' **अथवा** 'वात्सल्य रस' **अथवा** 'शांत रस' की परिभाषा लिखकर एक उदाहरण दीजिए।

2. 'रूपक' **अथवा** 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

★ ★ ★